


# गुरू नानक कॉलेज धनबाद

## विश्व पर्यावरण दिवस

आज दिनांक 5 जून 2025, दिन गुरुवार को गुरू नानक कॉलेज, धनबाद के भूदा कैंपस में प्राचार्य डॉ रंजना दास की अगुवाई में एनएसएस इकाई एक एवं दो के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए भूदा कैंपस में पौधे लगाए गए। कालेज के दोनों कैंपस के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कालेज की प्राचार्य डॉ रंजना दास ने पृथ्वी के तापमान में आई वृद्धि का एकमात्र कारण वन उन्मूलन (डिफारेस्टेशन) को बताया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्त्व को बताते हुए कहा कि जिस स्थिति में हमारे बुजुर्ग हमें यह धरती सौंप गए हैं यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम भी हमारी आने वाली पीढ़ी को यह धरती उसी स्थिति में दें। अगर अब भी हम सचेत नहीं हुए तो आने वाला समय इतना भयावह होगा कि हमारे अस्तित्व को बचाना भी नामुमकिन हो जाएगा। एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम आफिसर प्रो दलजीत सिंह ने छात्रों एवं छात्राओं को अपने घर के आसपास ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने का संदेश दिया और छात्रों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने घर के आसपास रहने वाले लोगों को भी पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। इस उपलक्ष में छात्रों के बीच पौधों का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार, प्रो अमरजीत सिंह, बीबीए कोऑर्डिनेटर प्रो संजय सिन्हा, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संतोष कुमार, प्रो पियूष अग्रवाल, प्रो सोनू, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो उदय सिन्हा, प्रो किरन, प्रो मनीषा, प्रो कौशिक, लाइब्रेरियन नुशरत परवीन, नरेंद्र सिंह, पंकज, रंजीत मिश्रा व अन्य शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ साथ बड़ी संख्या में एनएसएस वालंटियर्स उपस्थित थे।


ENVIRONMENT DAY
5th June 2025
PLANTATION
Organised by :


WORLD ENVIRONMENT DAY
SAPLING PLANTATION


ENVIRONMENT DAY
5th June 2025
Organised by :
NSS Units 1 & 2 of
Nanak College, Dhanbad
Venue : College Campus, Bhuda , Dhanbad


WORLD ENVIRONMENT DAY
SAPLING PLANTATION


WORLD ENVIRONMENT DAY
5th June 2025
SAPLING PLANTATION
Organised by :
NSS Units 1 & 2 of
Guru Nanak College, Dhanbad
Time - 11:00 am
Venue : College Campus, Bhuda, Dhanbad
Note : Guru Nanak College Dhanbad, World Environment Day
Address : Bhuda Colony,Dhanbad,Jharkhand,India
Latitude : 23.78258166666667°
Longitude : 86.44830833333332°
Altitude : 241.0 meter
Date : 06/05/2025 11:16 AM
Accuracy : 2.4 meter


WORLD ENVIRONMENT DAY
SAPLING PLANTATION
Note : Guru Nanak College Dhanbad, World Environment Day
Address : Bhuda Colony,Dhanbad,Jharkhand,India
Latitude : 23.782658333333334°
Longitude : 86.44805666666667°
Altitude : 241.0 meter
Date : 06/05/2025 11:13 AM
Accuracy : 2.9 meter
Time zone : GMT+05:30







# <u>NEWS CLIPING</u>



## पृथ्वी के तापमांन में वृद्धि का एक मात्र कारण है वनों का कम होना : डॉ. रंजना

धनबाद | विश्व पर्यावरण दिवस पर शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम हुए। गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में प्राचार्य डॉ रंजना दास के नेतृत्व में एनएसएस ने पौधरोपण किया। प्राचार्य ने कहा कि पृथ्वी के तापमान में आई वृद्धि का एकमात्र कारण वन उन्मूलन (डिफारेस्टेशन) है। मौके पर प्रो दीपक कुमार, प्रो अमरजीत सिंह, प्रो संजय सिन्हा, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संतोष कुमार, प्रो पियूष अग्रवाल, प्रो सोनू, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो उदय सिन्हा, प्रो किरन, प्रो मनीषा, प्रो कौशिक, लाइब्रेरियन नुशरत परवीन, नरेंद्र सिंह, पंकज, रंजीत मिश्रा आदि थे। वहीं आईआईटी आईएसएम, धनबाद विभिन्न गतिविधियां हुई। प्लास्टिक प्रदूषण को वैश्विक स्तर पर समाप्त करने का संदेश दिया गया। स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में योग सत्र के बाद पौधारोपण किया गया। विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता, वृत्तचित्र स्क्रीनिंग हुआ। मौके पर निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा, दीप्ति लेडीज क्लब की अध्यक्ष शकुंतला मिश्रा, प्रो संजय मंडल आदि थे।

आमटाल में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल लोग।

## बीबीएमकेयू में पौधरोपण करने की शपथ दिलाई

बिनोद बिहारी महतो कोलांचल विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ राम कुमार सिंह की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने-अपने विचार रखे। इसके बाद कुलपति ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि एक पेड़ जरूर लगाएं।

**शिक्षकों ने पौधों की रक्षा की शपथ ली** | शहर के मध्य विद्यालय दुर्गामंदिर, धनबाद में एक पेड़ मां के नाम के तहत नींबू, अमरूद, अशोक, केला, आंवला, तुलसी, सहजन आदि के पौधे लगाए गए। शिक्षकों ने शपथ ली कि पौधों की रक्षा करेंगे। उसे खाद-पानी समय पर देते रहेंगे। मौके पर प्रभारी एचएम दिलीप कुमार कर्ण, राज कुमार वर्मा, चिंतामणि कुमारी, रंभा कुमारी, कुमारी माधुरी, धीरज कुमार आदि थे। वहीं द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी, धनबाद में इको क्लब बनाया गया। विभिन्न गतिविधियां भी हुई। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक को उपयोग नहीं करने की शपथ ली। क्विज में कैलाश रवानी प्रथम, रजनी चौधरी द्वितीय व पुष्पा कुमारी तृतीय रहीं।

DAINIK BHASKAR

DATED :- 06-06-2025

# गुरू नानक कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनी



**धनबाद (कार्यालय)** : गुरुवार को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के भूदा कैम्पस में प्राचार्य डॉ रंजना दास की अगुवाई में एनएसएस इकाई एक एवं दो के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए भूदा कैम्पस में पौधे लगाए गए। कॉलेज के दोनों कैम्पस के छात्रछात्राओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ रंजना दास ने पृथ्वी के तापमान में आई वृद्धि का एकमात्र कारण वन उन्मूलन (डिफारेस्टेशन) को बताया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्त्व को बताते हुए कहा कि जिस स्थिति में हमारे बुजुर्ग हमें यह धरती सौंप गए हैं यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम भी हमारी आने वाली पीढ़ी को यह धरती उसी स्थिति में दें। अगर अब भी हम सचेत नहीं हुए तो आने वाला समय इतना भयावह होगा कि हमारे अस्तित्व को बचाना भी नामुमकिन हो जाएगा। एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो दलजीत सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को अपने घर के आसपास ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने का संदेश दिया और छात्रों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने घर के आसपास रहने वाले लोगों को भी पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

इस उपलक्ष में छात्रों के बीच पौधों का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में भूदा कैम्पस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार, प्रो अमरजीत सिंह, बीबीए कोऑर्डिनेटर प्रो संजय सिन्हा, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संतोष कुमार, प्रो पियूष अग्रवाल, प्रो सोनू, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो उदय सिन्हा, प्रो किरन, प्रो मनीषा, प्रो कौशिक, लाइब्रेरियन नुसरत परवीन, नरेंद्र सिंह, पंकज, रंजीत मिश्रा व अन्य शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ साथ बड़ी संख्या में एनएसएस वालंटियर्स उपस्थित थे।

BIHAR OBSERVER

DATED :- 06-06-2025

# पर्यावरण दिवस पर जीएन कॉलेज में पौधरोपण

धनबाद के गुरु नानक कॉलेज, भूदा कैंपस में एनएसएस इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ रंजना दास ने पर्यावरण सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया और छात्रों को वृक्षारोपण करने के लिए...



धनबाद, मुख्य संवाददाता गुरुवार को गुरू नानक कॉलेज, धनबाद के भूदा कैंपस में प्राचार्य डॉ रंजना दास की अगुवाई में एनएसएस इकाई एक एवं दो के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया जिसमें पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक करते हुए भूदा कैंपस में पौधे लगाए गए। कालेज के दोनों कैंपस के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कालेज की प्राचार्य डॉ रंजना दास ने पृथ्वी के तापमान में आई वृद्धि का एकमात्र कारण वन उन्मूलन (डिफारेस्टेशन) को बताया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्त्व को बताते हुए कहा कि जिस स्थिति में हमारे बुजुर्ग हमें यह धरती सौंप गए हैं यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम भी हमारी आने वाली पीढ़ी को यह धरती उसी स्थिति में दें।

अगर अब भी हम सचेत नहीं हुए तो आने वाला समय इतना भयावह होगा कि हमारे अस्तित्व को बचाना भी नामुमकिन हो जाएगा। एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम आफिसर प्रो दलजीत सिंह ने छात्रों एवं छात्राओं को अपने घर के आसपास ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने का संदेश दिया और छात्रों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने घर के आसपास रहने वाले लोगों को भी पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। इस उपलक्ष में छात्रों के बीच पौधों का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार, प्रो अमरजीत सिंह, बीबीए कोऑर्डिनेटर प्रो संजय सिन्हा, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संतोष कुमार, प्रो पियूष अग्रवाल, प्रो सोनू, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो उदय सिन्हा, प्रो किरन, प्रो मनीषा, प्रो कौशिक, लाइब्रेरियन नुशरत परवीन, नरेंद्र सिंह, पंकज, रंजीत मिश्रा व अन्य शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ साथ बड़ी संख्या में एनएसएस वालंटियर्स उपस्थित थे।

HINDUSTAN

DATED :- 06-06-2025